**दिनांक 28.04.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अभय कुमार सिंह,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

(iii) **श्री कुमार उत्कर्ष,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जहानाबाद।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹9,95,03,400/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1053(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 9,87,15,167/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 12,20,83,233/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-025142(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-27.02.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 25.02.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 17.03.2026 / 20.03.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 06.04.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 07.04.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - |

(1) मे0 मॉ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD) ।
(2) देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I , BMSICL)।
(3) मे0 मॉ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गॉधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I , BCD)।
(4) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I , BCD)।
(5) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD)।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>
<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-22.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 146

सहमति/असहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-24.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा में त्रुटि पूर्ण होने के कारण तकनीकी बीड का मूल्यांकन न करते हुए आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ संशोधित निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 28.04.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा निविदा मे शामिल कुल पॉच निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पॉच निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 मॉं कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** मे0 मॉ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गॉधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) के तहत "Credit facility Certificate Given by Indian Bank up to 10% of BOQ Amount" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Bank Certificate पाया गया, परन्तु नियमानुसार उक्त Bank Certificate में कार्य का नाम विषयांकित कार्य की निविदा से भिन्न पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) के आलोक में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार पाँच निविदाकार में से चार निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

13 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD) (2) देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL) (3) मे0 माँ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गाँधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I, BCD) (4) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD) को सफल एवं (5) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I , BCD) को असफल घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-03.05.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|
| (कुमार उत्कर्ष) | (अभय कुमार सिंह) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, जहानाबाद। | भवन अंचल, गया जी। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-68/2025..1141..... पटना/दिनांक...28/04/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/04/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Bkck.T.P-1/2026/docx 148